# गौकशी के आरोपी के ठिकाने पर चला बुलडोजर

बादलपार में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 9 एकड़ शासकीय जमीन कब्जामुक्त



**कुरई नवभारत।** कुरई थाना अंतर्गत चौकी बादलपार क्षेत्र में गौकशी के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार देर रात पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बादलपार में दबिश दी, जहां से करीब 126 किलो गौमांस बरामद किया गया। इस कार्रवाई में पुलिस ने गौकशी में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया और उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस की कार्रवाई के बाद बुधवार को राजस्व विभाग भी हरकत में आया। तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व अमले और पुलिस बल की मौजूदगी में ग्राम बादलपार पहुंचकर आरोपियों के ठिकाने पर कार्रवाई की गई। इस दौरान खेत में बने अवैध टापरे पर बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त कर दिया गया।

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपियों द्वारा शासकीय भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जा किया गया था। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर सीमांकन कर कार्रवाई करते हुए करीब 9 एकड़ शासकीय जमीन को कब्जामुक्त कराया। प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण और पुलिस बल मौजूद रहा।

स्थानीय लोगों के अनुसार लंबे समय से शासकीय जमीन पर कब्जे की शिकायतें सामने आ रही थीं, जिसके बाद प्रशासन ने यह कड़ी कार्रवाई की। बुलडोजर कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई और लोगों में चर्चा का माहौल बना रहा।


प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि गौकशी, अवैध कब्जे और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही शासकीय जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर जमीन को मुक्त कराया जाएगा।

## मुनिया टांक बने भाजपा के जिला मंत्री

**सिवनी नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठनात्मक विस्तार के तहत जिले में नई जिम्मेदारियों का वितरण किया गया है। इसी क्रम में भाजपा ने मुनिया टांक को जिला मंत्री के पद पर नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।मुनिया टांक लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं और संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। पार्टी नेतृत्व ने उनकी संगठन के प्रति निष्ठा, सक्रियता और कार्यशैली को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। जिला मंत्री बनाए जाने पर मुनिया टांक ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की मजबूती और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।



# अंधविश्वास की भेंट चढ़ रहा पैंगोलिन



**सिवनी नवभारत।** कल्पना कीजिए एक ऐसा जीव जो रात के अंधेरे में चुपके-चुपके लाखों चींटियां और दीमक खाकर फसलों को बचा रहा हो, मिट्टी को हवा दे रहा हो और जंगल के संतुलन को बनाए रख रहा हो।

एक ऐसे जीव की, जो न तो किसी पर हमला करता है, न ही जिसके दांत होते हैं। खतरा महसूस होने पर जो बस एक फुटबॉल की तरह खुद को समेट लेता है। हम बात कर रहे हैं भारतीय पैंगोलिन की—एक ऐसा जीव जो आज अपनी इसी मासूमियत और इंसानी लालच के कारण अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। यह जीव आज दुनिया का सबसे ज्यादा तस्करी किया जाने वाला स्तनपायी बन चुका है।

पैंगोलिन की सबसे बड़ी विशेषता उसके शरीर पर बने कठोर कवच हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में फैली एक गलतफहमी ने इस जीव को मौत के घाट उतार दिया है। तस्करों का दावा है कि इसके शल्क से चमत्कारिक दवाइयां बनती हैं।

सच्चाई क्या है? विज्ञान कहता है कि पैंगोलिन के शल्क केराटिन से बने होते हैं। यह वही पदार्थ है जिससे हमारे नाखून और बाल बनते हैं। क्या आप अपने नाखून चबाकर कैंसर या गठिया ठीक कर सकते हैं? जवाब है नहीं। तो फिर एक बेजुबान की जान क्यों?

अगर आप या आपके आसपास कोई व्यक्ति पैंगोलिन के शिकार, उसके शल्क को रखने या बेचने के बारे में सोच रहा है, तो रुक जाइए। यह कोई छोटा-मोटा अपराध नहीं है।

टाइगर जैसा दर्जा भारतीय पैंगोलिन को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम (1972) की अनुसूची-I में रखा गया है। इसका मतलब है कि इसे वही सुरक्षा प्राप्त है जो बाघ को है। ज़ सीधे जेल- इसमें शामिल होने पर 3 से 7 साल तक की कड़ी कैद और भारी जुर्माने का प्रावधान है। यह एक गैर-जमानती अपराध है, यानी आपकी एक गलती पूरे परिवार को मुश्किल में डाल सकती है।

### आप क्या कर सकते हैं?

वन विभाग और पुलिस आज आधुनिक तकनीक और साइबर सेल की मदद से तस्करों के जाल को तोड़ रही है। लेकिन असली जीत तब होगी जब लोग जागरूक होंगे। अंधविश्वास पर भरोसा न करें। तस्करी की किसी भी गुप्त सूचना को तुरंत वन विभाग के हेल्पलाइन नंबर पर साझा करें।

पैंगोलिन हमारे पारिस्थितिकी तंत्र की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यदि यह कड़ी टूटी, तो इसका खामियाजा हमें और हमारी आने वाली पीढ़ियों को भुगतना होगा। आइए, इस शर्मीले जीव के रक्षक बनें, भक्षक नहीं।

# छपारा से चमारी जाने मार्ग पर साइड शोल्डर गायब, हादसे की आशंका



**छपारा नवभारत।** नगर के मोती नाला के पास स्थित चमारी खुर्द क्षेत्र को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बदहाली का शिकार है। सड़क के किनारे की पटरी (साइड शोल्डर) पूरी तरह से गायब हो चुकी है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए हर समय दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासियों के अनुसार बीते वर्षा काल में तेज पानी के बहाव के कारण सड़क किनारे की मिट्टी और पटरी का बड़ा हिस्सा बह गया था। तब से लेकर अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। सड़क और कच्ची जमीन के बीच गहरा अंतर बन जाने से विशेषकर रात के समय दुपहिया वाहन चालकों के फिसलने और गड्ढे में गिरने की आशंका बनी रहती है। यह मार्ग छपारा नगर मुख्यालय को आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है, जहां दिन-रात वाहनों का आवागमन बना रहता है। हैरानी की बात यह है कि इसी मार्ग से प्रतिदिन प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी भी गुजरते हैं, इसके बावजूद समस्या की ओर अब तक ध्यान नहीं दिया गया है।

### नागरिकों ने की सुधार की मांग

सड़क किनारे पटरी न होने से हो रही परेशानी को देखते हुए क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द मरम्मत कार्य कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी बड़े हादसे का इंतजार करने के बजाय प्रशासन को शीघ्र ही सड़क की पटरी बनवाकर आवागमन को सुरक्षित बनाना चाहिए।

# गेहूं की फसल में आग लगने से भारी नुकसान, ढाई एकड़ फसल व पाइप जले

किसान ने पड़ोसी पर लापरवाही से आग लगाने का लगाया आरोप, थाने में शिकायत



**सिवनी नवभारत।** जिले के लखनवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम भाटीवाड़ा में बुधवार को गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने से एक किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। आग की चपेट में आकर करीब ढाई एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, साथ ही खेत में रखे प्लास्टिक के पाइप भी जल गए। मामले में किसान ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भाटीवाड़ा निवासी किसान तेजराम पिता मूरतलाल सनोडिया (51 वर्ष) ने लखनवाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका खेत मंडवा रोड स्थित पटवारी हल्का नंबर 16, खसरा नंबर 152/1 रकबा 1.68 हेक्टेयर में स्थित है, जहां गेहूं की फसल लगी हुई थी। किसान के अनुसार उसके खेत के पास ही बैजनाथ बघेल का खेत है, जहां सरसों की फसल काटने के बाद नरवाई पड़ी हुई थी। आरोप है कि बुधवार 11 मार्च को सुबह करीब 11 बजे बैजनाथ बघेल ने अपने खेत में पड़ी नरवाई में आग लगा दी। तेज हवा के कारण आग फैलते हुए तेजराम के खेत में पहुंच गई और गेहूं की खड़ी फसल में लग गई।

आग लगने से करीब ढाई एकड़ गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई, जिससे लगभग 50 क्विंटल गेहूं का नुकसान बताया जा रहा है। इसके अलावा खेत में रखे प्लास्टिक के 8 पाइप भी आग में जल गए।

घटना की जानकारी मिलने पर लोकेश यादव और विनोद सनोडिया सहित ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

पीड़ित किसान ने थाने में नामजद शिकायत करते हुए हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति व हर्जाना दिलाने तथा उचित कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शेर कॉम्प्लेक्स और बड़ा देव सिंचाई परियोजना से वंचित किसानों में आक्रोश



**धूमा नवभारत।** मध्य प्रदेश सरकार लगातार प्रदेश का सिंचाई रकवा बढ़ाने प्रयासरत है बहुत जल्द एक लाख हेक्टेयर भू-भाग को सिंचित करने का टारगेट सरकार ने तय किया है और इसी क्रम में लखनादौन तहसील के उत्तर-पूर्व सीमावर्ती ग्राम गुरार पट्टी के निकट सनेर नदी से लेकर ग्राम ढोड़ा माल और रैयत के निकट टोरिया नदी तक बड़ा देव सूक्ष्म सिंचाई परियोजना तथा लखनादौन के उत्तर-पश्चिम सीमावर्ती राखी पतरई गांव के पास शेर नदी पर शेढ़ काम्प्लेक्स इरिगेशन एरिया परियोजना अंतर्गत बांध बनना प्रस्तावित है तहसील क्षेत्र का बड़ा भूभाग जिसमें राजस्व और वन भूमि के साथ कृषि भूमि भी डूब में आ रही है तथा कुछ एक गांव के किसानों को इससे विस्थापन का दंश भी भोगना पड़ सकता है इतना कुछ होने के बाद भी इस क्षेत्र की कृषि-भूमि और किसानों की प्यास मिटने वाली नहीं है इन दोनों बांधों से लगभग 150 गांव ही लखनादौन तहसील के सिंचित होना है जबकि 150 के लगभग गांव नरसिंहपुर तहसील ,गोटेगांव तहसील ,शहपुरा तहसील और बरगी तहसील के सिंचित होना है लखनादौन के सिवाय दूसरी सभी तहसीलों में सिंचाई के लिए पानी की कमी नहीं है फिर भी लखनादौन विधानसभा क्षेत्र और मंडला संसदीय क्षेत्र के नाकाम जनप्रतिनिधियों के चलते गोटेगांव , नरसिंहपुर और बरगी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने लखनादौन की भोली भाली आदिवासी जनता के हक में डाका डाल दिया है धूमा के निकट कोहका बरबटी से लेकर धारपाठा, पटी, खाम्ही ,परतापुर, समनापुर, खाम्हा, जुगरई , सिल्पनी, धुबिया ,बंजारी ,डेहका, कुंडा और रायचौर के किसानों की कृषि भूमि इन बांधों के जल से सिंचाई से वंचित रहेगी , इस विषय को लेकर क्षेत्रीय आदिवासी किसानों में जबरदस्त हताशा , निराशा और आक्रोश है इस संबंध में आज क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य और क्षेत्रीय किसानों ने धूमा विश्रामगृह में आवश्यक बैठक कर आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जिसमें क्षेत्रीय विधायक सांसद और माननीय कलेक्टर महोदय से आवेदन निवेदन करने के साथ ही आगामी आंदोलन की रूपरेखा को लेकर चर्चा की गई यदि शीघ्र ही क्षेत्र के 17-18 गांव को उक्त दो परियोजनाओं से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करना घोषित नहीं किया गया तो किसान बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।

## विष्णु महापुराण कथा का आयोजन, प्रथम दिवस की कथा ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

**सिवनी नवभारत।** नगर के किदवई वार्ड स्थित फिल्टर चौक में 10 मार्च से 17 मार्च तक आयोजित श्री विष्णु महापुराण कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्मलाभ ले रहे हैं। पूज्य माता स्व. शांति राय जी की पुण्य स्मृति में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में प्रात: 08 बजे से 11 बजे तक पूजन-परायण तथा दोपहर 01 बजे से 05 बजे तक कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास परम श्रद्धेय शास्त्री जुगल किशोर जी के मुखारविंद से विष्णु महापुराण की अमृतमयी कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिवस में भगवान विष्णु की महिमा, सृष्टि की उत्पत्ति तथा धर्म, भक्ति और सत्कर्मों के महत्व का विस्तार से वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु ही इस संपूर्ण सृष्टि के पालनहार हैं और उनकी भक्ति से मनुष्य के जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं। कथा के दौरान व्यास जी ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है तब-तब भगवान विष्णु विभिन्न अवतारों के रूप में प्रकट होकर धर्म की रक्षा करते हैं और भक्तों का कल्याण करते हैं। उन्होंने भक्तों को सत्य, करुणा, सेवा और सदाचार का मार्ग अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि भगवान की भक्ति ही मानव जीवन को सफल बनाती है। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबे नजर आए और वातावरण जय श्री हरि के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। आयोजकों ने बताया कि 10 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ आयोजन का शुभारंभ हुआ था, जबकि 17 मार्च को हवन-पूजन, पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजनकर्ता विजेश राय एवं राजेश राय ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर धर्मलाभ लेने की अपील की है।



# हौसलों की उड़ान : जिले की पहली नमो ड्रोन दीदी बनीं सरोज डेहरिया





**छपारा नवभारत।** इरादा मजबूत हो तो बड़ी से बड़ी मुश्किल आसान हो जाती है। इस कहावत को सच कर दिखाया है छपारा विकासखंड के दूरस्थ ग्रामीण अंचल, ग्राम पीपरढाना की बेटी सरोज डेहरिया ने। सरोज न केवल अपने गांव की शान बनी हैं, बल्कि वे सिवनी जिले की पहली नमो ड्रोन दीदी के रूप में उभरी हैं।

सरोज डेहरिया ने नगर के एक निजी कॉलेज से बीएससी की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के बाद उन्होंने घर पर ही रहकर जैविक खेती की दिशा में काम करना शुरू किया। वे केवल खुद तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि उन्होंने क्षेत्र के अन्य किसानों को भी जैविक खेती के प्रति जागरूक करने सहित ट्रेनिंग देने का बीड़ा भी उठाया।

### नमो ड्रोन दीदी योजना से बदली किस्मत

सरोज की मेहनत और लगन को देखते हुए वर्ष 2024 में उनका चयन नमो ड्रोन दीदी योजना के लिए हुआ। गौरतलब है कि सरोज सरस्वती महिला स्वयं सहायता समूह से वर्ष 2017 से जुड़ी हुई हैं। ड्रोन पायलट की विशेष ट्रेनिंग पूरी करने के बाद,वे अब खेतों में आधुनिक तकनीक से दवा छिड़काव का कार्य कर रही हैं।

### लाखों की आय और राज्यपाल से सम्मान

ड्रोन दीदी के रूप में कार्य करते हुए सरोज ने पिछले लगभग 2 वर्षों में लगभग एक लाख रुपये की आय अर्जित की है। उनकी इस सफलता ने उन्हें न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है, बल्कि उन्हें समाज में एक सम्मानजनक स्थान भी दिलाया है। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल से भी शाबाशी मिल चुकी है।

### महिलाओं के लिए बनीं मिसाल

नगर से लगभग 45 किलोमीटर दूर बसे एक छोटे से गांव से निकलकर आसमान में ड्रोन उड़ाने तक का सरोज का यह सफर आज जिले की कई महिलाओं के लिए मिसाल बन गया है। सरोज कहती हैं कि उन्हें खुशी है कि उन्हें एक सम्मानजनक कार्य मिला है जिससे वे कृषि क्षेत्र में आधुनिकता ला पा रही हैं।

## प्रस्फुटन समितियो का क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण आयोजित

**बरघाट नवभारत।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद बरघाट जिला सिवनी अंतर्गत गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां का क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सौरभ शुक्ला के निर्देशन में सेक्टर पखारा अंतर्गत नवांकुर संस्था मां शक्ति संस्थान द्वारा भारत प्रशिक्षण केन्द्र पखारा में आयोजित किया गया। अतिथि धनीराम ढाकरे ,कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती शोभना ढाकरे की उपस्थिति में भारत माता जी के छायाचित्र का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों के स्वागत के पश्चात ब्लॉक समन्वयक श्रीमती शोभना ढाकरे द्वारा समिति की क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण का उद्देश्य एवं उनके द्वाराकी जारी गतिविधियों की जानकारी दी गई। धनीराम ढाकरे के द्वारा समग्र ग्राम विकास की अवधारणा एवं चरण बताते हुए उनके समक्ष शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई व फील्ड कार्यों में सहयोग देने की बात रखी। तामसिंह राहंगडाले ने स्वयं सेवी संस्था का गठन एवं प्रबंधन से सम्बन्धी जानकारी प्रदान किया। भारतलाल देशमुख ने प्रस्फुटन समितियों का दस्तावेजीकरण पर विस्तृत जानकारी दी, मेंटर्स श्री मानेश्वर बिसेन द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की जानकारी दिया गया। इस प्रशिक्षण में हरवंश बिसेन ,प्रदीप कुमार , राहुल पटले प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य सीएमसीएलडीपी छात्र, नवांकुर सखीयो ने अपनी सहभागिता दी।




**कार्यालय नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास भाग 1 लखनादौन**

क्रं/128/ छात्रावास/निविदा **निविदा सूचना** दिनांक 12/03/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास भाग-1 लखनादौन में सत्र 2026-27 में अनाज, किराना, स्टेशनरी, व्यक्तिगत सामग्री आदि क्रय करने हेतु निविदा प्रकाशित की जाती है उक्त सामग्री से संबंधित इच्छुक प्रतिष्ठान निविदा फार्म, प्रारूप व निविदा शर्ते रूपये 200/- नगद जमा कर कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। निविदा फार्म दिनांक 19/03/2026 को दोपहर 12.00 बजे क कार्यालय में जमा किये जाएंगे तथा प्राप्त निविदा फार्म छात्रावास प्रबंधन समीति व्दारा उपत निविदाकर्ता के समक्ष 19/03/2026 को दोपहर 2.00 बजे खाले जाएंगे। छात्रावास में उपचारात्मक शिक्षण कार्य हेतु विषयवार 03 शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। विषयवार बीएड/डीएड योग्यताधारी महिला अभ्यर्थी दिनांक 19/03/2026 तक आवेदन फार्म कार्यालय में जमा कर सकते है उक्त दिनांक के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

**अधीक्षिका**
**नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास भाग-1, लखनादौन, जिला-सिवनी**


# भागवत

स्वामी इंदुभावानंद ने पांजरा में चल रही भागवत कथा के दौरान दिए प्रवचन, मानव जीवन सुख और दुख का संगम है

# भगवान का स्मरण मन को धैर्य,साहस और ऊर्जा प्रदान करता है






**सिवनी नवभारत।** जीवन में ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास ही मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति है। जब मनुष्य अपने जीवन में कठिनाइयों, संकटों और अनेक प्रकार की बाधाओं का सामना करता है, तब भगवान का स्मरण उसके मन को धैर्य, साहस और नई ऊर्जा प्रदान करता है।

उक्ताशय के प्रवचन दण्डी स्वामी श्री इंदुभावानंद जी ने पांजरा में चल रही भागवत कथा के दौरान कही, स्वामी जी ने कहा कि जीवन के अनेको बार विपरीत परिस्थितियों के कारण मनुष्य स्वयं को कमजोर और असहाय समझने लगता है, परन्तु वास्तव में ऐसा नहीं होता। यदि मनुष्य के भीतर सत्य, श्रद्धा और विश्वास की भावना दृढ़ हो, तो उसके लिए कोई भी कार्य असंभव नहीं रहता।

जो व्यक्ति सच्चे मन और निष्कपट भाव से भगवान का स्मरण करता है, उसे जीवन में आत्मविश्वास और आंतरिक शांति प्राप्त होती है। ईश्वर किसी न किसी रूप में अपने भक्तों की सहायता करते हैं और उन्हें सही मार्ग का ज्ञान कराते हैं। वे मनुष्य के जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं और अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करते हैं।

स्वामी जी कहा कि मानव जीवन सुख और दुख का संगम है। जीवन में कभी प्रसन्नता आती है तो कभी कठिनाइयाँ सामने खड़ी हो जाती हैं, परन्तु जो व्यक्ति धैर्य, संयम और विश्वास के साथ अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर आगे बढ़ता है, वही अंतत: सफलता और सम्मान प्राप्त करता है। इसलिए कठिन परिस्थितियों में भी मनुष्य को अपने मन को स्थिर रखते हुए ईश्वर पर विश्वास बनाए रखना चाहिए।

मनुष्य का वास्तविक धर्म उसके कर्मों में निहित होता है। सदैव अच्छे और पुण्य कर्म करने वाला व्यक्ति ही समाज में आदर और प्रतिष्ठा प्राप्त करता है। उसके आचरण और व्यवहार से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है और समाज में सकारात्मकता का वातावरण बनता है।

अत: प्रत्येक मनुष्य को चाहिए कि वह सत्य, धर्म और ईश्वर में विश्वास रखते हुए अपने जीवन को सदाचार, परिश्रम और विनम्रता के मार्ग पर चलाए। ऐसा करने से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक संतोष की प्राप्ति होती है, और मनुष्य का जीवन वास्तव में सार्थक बन जाता है।

## जन्म और तप महोत्सव आयोजित

**लखनादौन।** तीर्थंकर दिवस मनाया प्रथम तीर्थंकर 1008 आदिब्रह्मा श्री आदिनाथ जी भगवान का जन्म व तप कल्याणक मनाया आदिनाथ जी भगवान जैन धर्म के 24 तीर्थंकर में से प्रथम तीर्थंकर हैं इक्ष्वाकु वंश के संस्थापक भी हैं अयोध्या नगरी के प्रथम राजा श्री आदिनाथ जी भगवान ही हैं श्री दिगंबर जैन सुपार्श्वनाथ जिनालय में प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान की चतुर्थ कालीन प्रतिमा जी का महामस्त का अभिषेक हुआ तत्पश्चात श्रीजी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें आचार्य ज्ञान सागर जी पाठशाला के बच्चों के द्वारा माता मरु देवी के 16 स्वपन वह बालक आदि कुमार की झांकियां निकाली गई जुलूस श्री 1008 चंद्राप्रभु जिनालय से रजत (चांदी) का रथ निकाला गया वह उसमें श्रीजी की भव्य शोभा यात्रा निकाली बाजार से अहिंसा चौक तक जुलूस निकाला गया अहिंसा चौक से वापस बाजार प्रांगण में जुलूस आया जुलूस में सभी लोगों ने आरती की श्रीजी के समक्ष श्रीफल भेंट किया आकर के श्री जी का महामस्त का अभिषेक हुआ इसमें शांतिधारा अभिषेक पूजन आदि कार्यक्रम हुए वह समस्त नगर में आदिनाथ भगवान के जन्म व तप कल्याणक की खुशी में लड्डू बांटे गए और शाम को मंदिर जी में महा आरती हुई व प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव शोभा यात्रा में आज रजत रथ पर श्री जी को विराजमान करने का परम सौभाग्य श्रीमान सुनील कुमार जी जैन शलभ जैन, सारांश शास्त्री नमन रेडीमेड परिवार को प्राप्त हुआ


**कार्यालय ग्राम पंचायत आदेगांव विकासखण्ड-लखनादौन, जिला-सिवनी म.प्र.**

क्र.Q/ ग्रा.पं./नीलामी/2026 **नीलामी सूचना** दिनांक : 13/03/2026

सर्व साधारण को सूचित कि या जाता है कि ग्राम पंचायत आदेगांव में वर्ष 2026-27 हेतु साप्ताहिक बैठकी बाजार एवं ताल तलैया की खुली नीलामी दिनांक 18/03/2026 को समय सुबह 11 बजे से ग्राम पंचायत कार्यालय आदेगांव में होगी।

| | |
|---|---|
| (1) साप्ताहिक बैठकी बाजार प्रतिभूति राशि | - 299932/-रुपये |
| (2) साहू वार्ड तलैया प्रतिभूति राशि | - 11982/-रूपये |
| (3) इंदिरा कालोनी तलैया प्रतिभूति राशि | - 8133/- रूपये |
| (4) बड़ा तालाब प्रतिभूति राशि | - 14844/- रूपये |
| (5) कलार वाला तालाब प्रतिभूति राशि | - 29222/- रूपये |

तथा बाकी शर्त ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है।

**टीप**-दिनांक 18/03/2026 को यदि नीलामी अपरिहार्य-कारणो से स्थगित होने पर दिनांक 19/03/2026 को पुनः नीलामी निर्धारित समय एवं स्थान पर संवन्य होगी।

**सचिव** **अमित कुमार चौकसे**   **सरपंच** **सहजकुमारी उइके**



**कार्यालय ग्राम पंचायत आदेगांव विकासखण्ड-लखनादौन, जिला-सिवनी म.प्र.**

क्र.Q/ ग्रा.पं./नीलामी/2026 **नीलामी सूचना** दिनांक : 07/03/2026

सर्व साधारण को सूचित कि या जाता है कि ग्राम पंचायत आदेगांव में वर्ष 2026-27 हेतु साप्ताहिक बैठकी बाजार एवं ताल तलैया की खुली नीलामी दिनांक 18/03/2026 को समय सुबह 11 बजे से ग्राम पंचायत कार्यालय आदेगांव में होगी।

| | |
|---|---|
| (1) साप्ताहिक बैठकी बाजार प्रतिभूति राशि | - 299932/-रुपये |
| (2) साहू वार्ड तलैया प्रतिभूति राशि | - 11982/-रूपये |
| (3) इंदिरा कालोनी तलैया प्रतिभूति राशि | - 8133/- रूपये |
| (4) बड़ा तालाब प्रतिभूति राशि | - 14844/- रूपये |
| (5) कलार वाला तालाब प्रतिभूति राशि | - 29222/- रूपये |

तथा बाकी शर्त ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है।

**टीप**-दिनांक 18/03/2026 को यदि नीलामी अपरिहार्य-कारणो से स्थगित होने पर दिनांक 19/03/2026 को पुनः नीलामी निर्धारित समय एवं स्थान पर संवन्य होगी।

**सचिव** **अमित कुमार चौकसे**   **सरपंच** **सहजकुमारी उइके**